(क) व्यंजनमाला - इसमें 'श' व 'ष' को छोड़कर हिंदी के सभी व्यंजन विद्यमान हैं।

(ख) स्वरमाला :- सभी स्वर विद्यमान, साथ ही ऐ व औ का भी व्यापक प्रयोग

(ग) स्वरांत की प्रवृत्ति का विकास
महान - महा

(घ) स्वर भक्ति :- प्रदेश - परदेस

(ङ) संयुक्त व्यंजनों का द्वित्वीकरण एवं क्षतिपूर्ति दीर्घीकरण की प्रवृत्ति दिखाई पड़ती है।
कर्म → कम्म → काम



641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

(च) 'क्ष' का प्रयोग दो रूपों में
'ह' रूप - पूर्वी हिन्दी - लक्ष्मण - लहमन
'ख' रूप - पश्चिमी हिन्दी - लक्ष्मण - लखन

(छ) स्वरलोप की प्रवृत्ति का विकास हुआ।
इकट्ठा - कट्ठा

## व्याकरण के स्तर पर विशेषताएँ

(क) संज्ञा व कारक के स्तर पर :- सभी संज्ञा शब्द स्वरांत एवं आकारांत हो गये एवं व्यंजनांतता प्रायः लुप्त हो गई।
जगत् - जग
⇒ कारकों में निर्विभक्तिक प्रयोग हो रहे थे, साथ ही प्रमुख परसर्गों का भी विकास हुआ जैसे 'हि' परसर्ग (मूलतः अपभ्रंश में हिं) का और प्रयोग हुआ।
मणहि, जलहि

(ख) सर्वनाम :- हिन्दी के लगभग सभी सर्वनामशब्द मिलने लगते हैं - वे, कौन, जइस, कैसो आदि।

(ग) लिंग व्यवस्था :- स्त्रीलिंग शब्द 'इकारांत'

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

होने लगे। यह पुरानी हिंदी की प्रमुख विशेषता मानी जाती है।

(घ) वचन व्यवस्था
- पुल्लिंग एकवचन से बहुवचन- 'अन' व 'ए' प्रत्यय- बेटा - बेट, बेटन
- स्त्रीलिंग एकवचन से बहुवचन- 'अन', 'न्ह', 'नी' प्रत्यय- सखिअन, वीविन्ह, पुहुपन्हि आदि।

(ङ) विशेषण :- इदंत विशेषणों का विकास, संख्यावाची विशेषणों का और अधिक विकास एक, आठ, बारह आदि।

(च) क्रिया व्यवस्था :- इदंत के साथ-साथ संयुक्त क्रियाओं का विकास- देखि जाअ, डरि गलि, करत, देखत।
- क्रियार्थ संज्ञाओं या संबंधार्थ क्रियाओं में 'ण' प्रत्यय की बहुलता- देखण, चलण

इस उपर्युक्त विशेषताओं के द्वारा पुरानी हिंदी ने आज की मानक हिंदी के विकास में योगदान दिया।

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

(ग) मध्यकाल में काव्यभाषा के रूप में अवधी के विकास पर प्रकाश डालिये। 15

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

पूर्वी हिन्दी की सबसे प्रमुख भाषा 'अवधी' का विकास में मध्यकाल एवं उसमें भी भक्तिकाल का प्रमुख योगदान है। वैसे तो रोडा कृत 'राउरवेल' एवं अमीर खुसरो की 'खलिकवारी' में अवधी का आरंभिक परिचय प्राप्त होता है परन्तु, अवधी का सर्वोच्च विकास मध्यकाल की देन है।

दरअसल, हुआ यूँकि मध्यकाल में एक संयोग के रूप में सूफी संतों की प्रेमाश्रयी कविताओं में अवधी भाषा में दोहा- चौपाई की कडवकबद्ध शैली रूढ़ हो गई। इस संयोग का लाभ अवधी भाषा को प्राप्त हुआ।

सर्वप्रथम 1379 में 'मुल्ला दाऊद' ने 'चंदायन' या 'लौरिहका' की रचना का अवधी को एक झटके में ही जनभाषा से साहित्यभाषा के रूप में स्थापित कर दिया।

सूफी संतों में अवधी के विकास में जायसी जी का नाम उल्लेखनीय है जिन्होंने अपनी रचनाओं में (पद्मावत, अखरावट, आखिरी

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

कलाम) में ठेठ अवधी की मिठास को उभारा है। पद्मावत की अवधी में कुछ ~~प्राकृताभ~~ प्राकृतापभ्रंश शब्द, तद्भव शब्दों का अवधीकरण (तद्भव + ऊ), लोक शब्दों का प्रयोग (दवंगरा, महावट), लोक मुहावरे (हिय फटा) आदि खुलकर आये हैं। उदा०

"यह तन जारौं छार कै, कहौं कि पवन उड़ाव,
मकु तेहि मारग उड़ि परै, कंत धरै जहँ पाँव"

जायसी के बाद अवधी में तत्सम शब्दों की बहुतायत मिलने लगती है। यद्यपि कुछ सूफी संतों का नाम (कासिम शाह, शेख नबी) उल्लेखनीय है, परंतु अवधी के विकास में तुलसीदास का योगदान अतुलनीय है।

तुलसी ने संस्कृत शब्दों का ~~तद्भव~~ अवधीकरण करते हुए भाषा का ~~सामा~~ समाहार किया है जैसे - अमृत - अमिय, वन - बन।

उदा०-
"लोचुन जल रह लोचन कोना
ज्यों परम कृपन कर सोना"

इस प्रकार तुलसी ने न केवल संस्कृत शब्द


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

अपितु अरबी-फारसी शब्द ('राम' हेतु गरीबनेवाज़ शब्द का प्रयोग) एवं लोक शब्दों का प्रयोग करते हुए अवधी के साहित्यिक प्रभाव में वृद्धि की।

तुलसी की अन्य विशेषताओं में उनकी 'ध्वनि मैत्री' योजना (सिपिल अंग, पग मग डग डोलहिं), अनुप्रास का सुंदर प्रयोग (जलचर, थलचर, नभचर नाना), लोक बिंबों का जबरदस्त प्रयोग आदि प्रमुख विशेषताएँ जान पड़ती हैं।

इस प्रकार मध्यकाल में अन्य कवियों के साथ तुलसी एवं जायसी का योगदान अवधी के विकास में एक कदम न होकर एक 'लीप या छलांग' है।

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

## Section–B

5. निम्नलिखित पर लगभग 150 शब्दों में टिप्पणी लिखिये: $10 \times 5 = 50$

(क) रामस्वरूप चतुर्वेदी के साहित्येतिहास-लेखन की विशेषताएँ

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

उ० रामस्वरूप चतुर्वेदी ने अपनी पुस्तक 'हिंदी साहित्य एवं संवेदना का विकास' के द्वारा हिंदी साहित्येतिहास के क्षेत्र में कदम रखा।

इनकी प्रमुख विशेषताओं में सबसे प्रमुख है - शुक्ल जी के विधेयवादी तत्व एवं द्विवेदी जी के परंपरावादी तत्व का संयोजन करना। मूलतः शुक्ल जी की इतिहास दृष्टि पर रहते हुए भी पुस्तक के ~~विकास~~ नामकरण में 'विकास' शब्द द्वारा उन्होंने यह बताया कि इतिहास हमेशा पुरानी स्थितियों से ही विकसित होता है।

अन्य विशेषताएँ

(क) साहित्य एवं कला के संबंध पर विचार करते हुए बिहारी के दोहों व उर्दू के शायरी से तुलना की

(ख) भारतीय संस्कृति की समन्वयवादी प्रवृत्ति के कारणों में इस्लाम का आगमन के कारण पर विचार कर भारतीय संस्कृति के


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

राम एवं कृष्ण के मिथकों का सहारा लिया।

(ग) गद्य एवं पद्य की भाषा की भिन्नता पर विचार किया और बताया कि कविता भावनाओं से पैदा होती है अतः भाषा सरल होगी एवं गद्य सुस्पष्ट चिंतन से अतः भाषा तत्समीकृत एवं क्लिष्ट होगी।

(घ) इतिहास में भारतीय दर्शन एवं चिंतन का समावेश भी किया।



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space) --

(ख) मनोवैज्ञानिक कहानी का परिचय

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

प्रेमचंदोत्तर युग की दो प्रमुख धाराओं (प्रगतिवाद एवं मनोवैज्ञानिक धारा) में मनोवैज्ञानिक धारा का प्रमुख स्थान है। यूँ तो प्रेमचन्द ने भी कहानियों में मनोविज्ञान को उभारा है परन्तु यहाँ उसका व्यवस्थित रूप से अंकन, विश्लेषण किया गया है।

मुख्यतः पश्चिमी विचारक फ्रॉयड के विचारों पर प्रभावित यह धारा जीवन की सभी समस्याओं में सबसे प्रमुख 'लिबिडो' या 'काम चेतना' को मानती है।

इस धारा की कहानियों में भी व्यक्ति का अध्ययन उसके चेतन स्तर पर न कर अवचेतन के स्तर पर किया गया है। इस कारण कहानी का कथानक अन्तर्मुखी हो गया है। इन कहानीकारों की प्रमुख कोशिश रहती है कि व्यवस्थित चिंतन कर व्यक्ति के चेतन व अवचेतन मन की काँक को पाठकों तक पहुँचा दे जिससे पाठक भी अपने मन की तहों को खंगाल सके।

शिल्प के स्तर पर कहानी में अन्तर्मुखी कथानक, घटनाओं की विरलता,



दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

पात्रों की सूचना दिखाई पड़ती है। प्रमुख वर्णन घटनाओं का न होकर व्यक्ति के आंतरिक मन का होता है।

अन्तर्भूत अनुभूतियों के वर्णन के कारण भाषा भी प्रतीकात्मक हो जाती है एवं कहानी में चेतना-प्रवाह, प्रत्यवावलोकन, फन्तासी, पूर्वदीप्ति जैसी शैलियाँ बहुतायत में पाई जाती है।

इस धारा के प्रमुख कहानीकार जैनेन्द्र (खेल, पाजेब), इलाचन्द्र जोशी एवं अज्ञेय (परंपरा, जयदोल, पठार का धीरज) आदि हैं।

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

(ग) संतकाव्यधारा और सूफीकाव्यधारा की भिन्नताएँ

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

| संतकाव्यधारा | सूफीकाव्यधारा |
|---|---|
| **संवेदना के स्तर पर** | |
| (क) मुख्यतः निर्गुण ब्रह्म की उपासना पर बल। नाथ, अद्वैत एवं विभिन्न मतों का प्रभाव | (क) इनकी पद्धति का मूल आधार तसव्वुफ़, जो इश्क मज़ाजी एवं इश्क-हकीकी के द्वारा प्राप्त होगा। |
| (ख) सामाजिक विशेषताओं जैसे रूढ़ीवाद, सांप्रदायवाद पर फटकारने के द्वारा चोट | - संप्रदायवाद आदि पर प्रेम पर बल देकर समन्वयवादी प्रवृत्ति के द्वारा चोट<br>"मानुष प्रेम भएउ बैकुंठी" |
| (ग) साधनात्मक रहस्यवाद की उपस्थिति | - भावनात्मक रहस्यवाद की उपस्थिति |
| (घ) हठयोग पर बल | - ऐसा नहीं |
| (ङ) इनका गुरु केवल मनुष्य हो सकता है | - मनुष्य के साथ-साथ पशु पक्षी भी |
| **शिल्प के स्तर पर** | |
| (क) सधुक्कड़ी भाषा | - ठेठ अवधी |
| (ख) संधा भाषा का प्रयोग | - ऐसा नहीं |



641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias

Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

| | |
|---|---|
| "कबीर की अमृतवाणी, बरसे कंबल भीजे पानी" | |
| (ग) शिल्प का आग्रह नहीं | - शिल्पगत आग्रह, अलंकार आदि से युक्त |
| (घ) मुख्यतः मुक्तक काव्य | - लगभग सभी प्रबंध काव्य |
| (ङ.) प्रतीक, बिम्ब आदि का कम प्रयोग | - बहुतायत में प्रयोग |
| **प्रमुख व्यक्तित्व** | |
| कबीर, दादू, गुरुनानक, रैदास, सुंदरदास आदि | - मुल्ला दाऊद, जायसी, कुतुबन आदि |



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

(घ) आंचलिक कहानी

अंचल की स्थानिक विशेषताओं का पुट लिये लिखी जाने वाली कहानी
- लोक तत्वों की भरमार
- लोक शब्दों का प्रयोग
→ लोक संगीत
→ देश काल का पूर्णतः बोध

कुछ हद तक प्रेमचन्द की कहानियाँ मानी जा सकती हैं।
मुख्यतः फणीश्वरनाथ रेणु के मैला आँचल उपन्यास के बाद कहानी क्षेत्र में उद्भव


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

(ड़) इप्टा

इप्टा अर्थात 'इंडियन पीपुल्स थियेटर एसोसिएशन' का विकास भारतीय स्वतंत्रता से पहले 1943 में किया गया था। इसका नामकरण मुख्यत: 'रोमां रोलां' की की पुस्तक 'पीपुल्स थियेटर' के नाम पर किया गया था।

एक व्यवसायिक रंगमंच के रूप में इस संस्था से अनेक प्रमुख वामपंथी एवं प्रगतिवादी लेखक जुड़े हुए थे जैसे- रांगेय राघव, उपेन्द्रनाथ अश्क आदि। वस्तुत: इस नाटक मण्डली द्वारा प्रमुखत: गरीब वर्गों की समस्याओं, उत्पीड़न, श्रमिक समस्याओं आदि को उठाया जाता था और देश के विभिन्न भागों में उनका मंचन किया जाता था। 'कैफी आजमी' जैसे अभिनेता भी इसी थियेटर से जुड़े हुए थे।

'बलराज साहनी' इस संस्था के प्रमुख अभिनेता थे। 1945 से 1960 तक इस संस्था ने देश के अनेक हिस्सों में निम्न वर्गों से संबंधित नाटकों की

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

प्रस्तुति की। इस संस्था का विकास और ठहराव के साथ आज भी जारी है।


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

(Please do not write anything except the question number in this space)

6. (क) हिंदी साहित्येतिहास-लेखन-परंपरा में आचार्य रामचंद्र शुक्ल का योगदान अप्रतिम है लेकिन उसकी कई सीमाएँ भी हैं। विवेचन कीजिये। 20

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।

(Please don't write anything in this space)

डॉ० रामचन्द्र शुक्ल ने नागरी प्रचारिणी सभा के एक ग्रन्थ हिन्दी शब्द सागर की भूमिका के रूप में अपनी पुस्तक 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' लिखी। पुस्तक की भूमिका में उन्होंने लिखा कि -

"चूंकि प्रत्येक भाषा का साहित्य वहाँ की जनता की चितवृत्तियों का संचित प्रतिबिम्ब होता है अतः जनता की चितवृत्तियों में परिवर्तन के साथ साहित्य के स्वरूप में भी परिवर्तन होता चला जाता है। अतः इन परिवर्तनों का साहित्यिक प्रवृत्तियों के सामंजस्य बिठाकर अध्ययन करना ही हिंदी साहित्य का इतिहास कहलाता है"

शुक्ल जी के साहित्येतिहास की प्रमुख विशेषताएं

(क) इतिहास दृष्टि :- शुक्ल जी की इतिहास दृष्टि मुख्यतः 'प्रत्यक्षवाद' या 'विधेयवाद' से प्रभावित है जो कि पश्चिमी विचारक 'तेन' से प्रभावित है। इसके अनुसार किसी भी ~~रचना~~ रचना 'जाति', 'वातावरण' एवं 'रचना का क्षण' से



641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें। (Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें। (Please don't write anything in this space)

प्रभावित होती है।

(ख) लोकमंगलकारी दृष्टि :- शुक्ल जी ने पारंपरिक कलावादी एवं आधुनिक समाजनिष्ठ पद्धति का मिश्रण ~~कर~~ ~~आधु~~ अपनी लोकमंगलकारी दृष्टि प्रस्तुत कर हर रचना का मूल्यांकन इसके अनुरूप किया।

(ग) उन्होंने रचनाकारों के जीवनवृत्त को महत्व न देकर साहित्यिक कृतियों को महत्व दिया।

(घ) इन्होंने प्रबंधकाव्य, सगुण भक्ति के प्रति अतिरिक्त आग्रह बनाये रखा।

(ङ.) शुक्ल जी ने रचना के संप्रेषण में बाधक तत्वों जैसे प्रतीक, बिम्ब आदि पर कटाक्ष किया। 'बुद्धिप्रेरित वक्रता' का इन्होंने विरोध किया।

(च) नामकरण :- शुक्ल जी ने हिंदी का उद्भव 7वीं शताब्दी से मानते हुए भी हिंदी साहित्येतिहास को 1050 संवत. से माना क्योंकि उससे पहले की सिद्ध-नाथ रचनाएँ उनकी नजरों में साम्प्रदायिक थी। उनका नामकरण व काल विभाजन इस प्रकार है

वीरगाथाकाल - 1050-1375 संवत-



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

भक्तिकाल - 1375 - 1650 संवत.
रीतिकाल - 1650 - 1850 संवत.
आधुनिक काल - 1850 - आधुनतन संवत.

इस प्रकार उन्होंने नामकरण व कालविभाजन की समस्या का एक शब्द में समाधान कर दिया।

शुक्ल जी की सीमाएँ :-

(क) सर्वप्रथम इन्होंने 'परंपरा तत्व' एवं साहित्यकार के अस्तित्व को महत्व नहीं दिया। जिस प्रकार पश्चिम में 'तेन' का खंडन एडसन ने किया वहीं भारत में शुक्ल जी' के मतों का खंडन आचार्य 'हजारी प्रसाद द्विवेदी' ने किया। शुक्ल जी ने कबीर की अक्खड़ता पर इस्लामी एकेश्वरवाद का प्रभाव बताया तो द्विवेदी जी ने कबीर पर नाथपंथ का प्रभाव बताकर शुक्ल जी का खंडन किया। इसके अलावा भक्ति आंदोलन के उद्भव पर इस्लाम के प्रभाव की 'हताशा' को प्रमुख बताया तो द्विवेदी जी ने परंपरा से जोड़कर इसे 'जिजिविषा' का साहित्य बताया।

(ख) शुक्ल जी ने सिद्ध-नाथों की रचनाओं को सांप्रदायिक मानकर उन्हें साहित्य में नहीं माना। आगे चलकर द्विवेदी जी ने कहा कि



दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

यदि सिद्ध नाथ साहित्य को साहित्य नहीं मानेंगे तो सम्पूर्ण भक्ति काल को इतिहास से बाहर करना पड़ेगा।

(ग) शुक्लजी ने केवल दो रचनाओं के आधार पर आदिकाल का नामकरण 'वीरगाथाकाल' कर दिया।

(घ) शुक्ल जी का भक्तिकाल का विभाजन भी उचित नहीं है सूफी कवियों की रचना पर फारसी प्रभाव बताये जाने की शुक्ल जी के निष्कर्षों का खंडन आगे चलकर गणपतिचन्द्र गुप्त ने किया।

(ङ) प्रबंध, सगुणभक्ति, पर अतिरिक्त आग्रह के कारण कबीर का उचित मूल्यांकन नहीं किया। द्विवेदी जी ने कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' बताया।

इस प्रकार उपर्युक्त आलोचनाओं के बावजूद शुक्ल जी का हिन्दी साहित्येतिहास में सर्वोच्च योगदान है उन्होंने बिखरी हुई इतिहास परंपरा को एक क्रम में व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक रूप दिया। आगे का सारा इतिहास शुक्ल के प्रभाव का ही अनुभव करता है।

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)


Copyright – Drishti The Vision Foundation

(ख) दलित-जीवन की अभिव्यक्ति की दृष्टि से हिंदी कहानी पर विचार कीजिये। 15

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें। (Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें। (Please don't write anything in this space)

हिंदी कहानी में दलित जीवन की अभिव्यक्ति दो रूपों में दिखलाई पड़ती है। प्रथम समूह में वे रचनाकार आते हैं जो स्वयं उच्च जाति के थे परन्तु जिन्होंने 'संवेदना' की द्वारा दलितों की पतित स्थिति का अनुभव कर रचनाकर्म किया। इस परंपरा में स्वतंत्रतापूर्व प्रेमचन्द का नाम उल्लेखनीय है तो स्वतंत्रता पश्चात ~~ओम~~ राजेन्द्र यादव, मार्कण्डेय, यशपाल, नागार्जुन आदि लेखकों का।

प्रेमचन्द ने मंत्र, ठाकुर का कुंआ, दूध का दाम ~~व~~ सद्गति जैसी रचनाओं में दलित वर्ग के शोषण का चित्रित किया है परन्तु यहाँ दलितों की विद्रोही चेतना का दर्शन नहीं होता। इसी प्रकार मार्कण्डेय की 'हलयोग', उदयप्रकाश की 'टेपचू', राजेन्द्र यादव की 'दो दिवगंत' प्रमुख हैं। ये कहानी प्रेमचन्द की कहानियों का अगला चरण प्रतीत होती है

वास्तविक दलित साहित्य उन दलित रचनाकारों द्वारा लिखे गये साहित्य


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

को मानते हैं, जिनका विचार है कि 'संवेदना' चाहे कितनी भी बड़ी हो, वह 'स्वयं वेदना' के समकक्ष नहीं हो सकती। ये रचनाकार अंबेडकर की विचारधारा से प्रभावित हैं जो दलितों का विकास कर उन्हें शिक्षित कर संघर्ष हेतु प्रेरित करती है।

दलित रचनाकारों में प्रमुख नाम मोहन-दास नैमिशराय, ओमप्रकाश वाल्मीकि, जयप्रकाश कर्दम, सूरजपाल चौहान आदि प्रमुख हैं। इन्होंने अपनी कहानियों जैसे 'अपना गांव' (मोहनदास जी), सलाम (जय कर्दम) आदि के द्वारा संगठन क्षमता एवं पर बल एवं प्राचीन दलित विरोधी परंपराओं पर सवाल खड़े करते हैं। इसके अतिरिक्त ओमप्रकाश वाल्मीकि की कहानी 'चमार' व 'लाठी' भी स्वतंत्रता पश्चात् दलितों की दयनीय दशा का वर्णन करती है।

दलित महिला लेखकों में रजत रानी मीनू, सुमित्रा मेहरोल, उषा चक्रा प्रमुख हैं

दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

जो कि उच्च जातियों का निम्न जातियों पर अत्याचार का विरोध एवं स्वयं दलितों की पितृसत्तावादी मानसिकता का विरोध करती हुई कहानियाँ लिखती हैं।

प्रमुख कहानियों में सुनीता (रजत रानी मीनू), लोकतंत्र में बकरी (उषा चन्द्रा) एवं नन्हीं (सुमित्रा मैहरोल) प्रमुख हैं। इन रचनाओं का शिल्प के प्रति आग्रह नहीं है बल्कि एक सहज सरल भाषा में अपनी बात अपने वर्ग तक पहुँचा संघर्ष चेतना का आह्वान करना इनका लक्ष्य है। इसके हेतु वे प्रेमचन्द जैसे रचनाकारों पर भी अपने निष्क्रिय दृष्टिकोण हेतु अंगुली उठाते हैं।

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)



दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

(Please do not write anything except the question number in this space)

(ग) पारसी रंगमंच की विशेषताओं पर प्रकाश डालिये। 15

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।

(Please don't write anything in this space)

पारसी रंगमंच ~~उन्नीसवीं~~ 19वीं शताब्दी में कलकत्ता व मुंबई जैसे नगरों में उदित हुए एक व्यवसायिक रंगमंच था जिसने अपनी मूलभूत विशेषताएँ विकसित करते हुए हिंदी रंगमंच को नई दिशा दी। यह इतना लोकप्रिय था कि इसके विरोध में नाट्यकर्म करने वाले भारतेन्दु व प्रसाद जैसे नाटककार भी इससे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके।

प्रमुख विशेषताएँ

(i) रोमांचकता की अधिकता -

मंच पर पशु-पक्षी, उड़ते हुए मनुष्य आदि का ~~चित्र~~ प्रदर्शन

(ii) रंगीय सज्जा पर अत्यधिक बल

(iii) पर्दों व यवनिका पर आधारित मंच - पर्दों पर भड़काऊ चित्र होते थे जो दर्शकों को आकर्षित करते थे।

(iv) हिंदी पुराणों, आख्यानों का मंचन



दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

जैसे - वीर अभिमन्यु, लैला मजनूँ, अमानत (प्राणचन्द चौहान)

(v) इसका मुख्य उद्देश्य लाभ कमाना था अतः दर्शकों को आकर्षित करने हेतु अनेक प्रयोग
→ गीतों की बहुलता
→ रोमांचित दृश्यों की बहुतायत
- संगीत की बहुलता

(vi) हिंदी लोकनाट्यों की शैलियों का भी पर्याप्त मिश्रण था।

(vii) सांस्कृतिक चेतना के वाहक न होकर केवल मनोरंजनात्मक दृष्टि से मंचन

इस प्रकार यह रंगमंच अपनी उपर्युक्त विशेषताओं के कारण 19वीं 20वीं शताब्दी में छाया रहा और सिनेमा के आगमन के कारण ही इसका प्रभाव जनसामान्य पर कम हुआ।



दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias

Copyright – Drishti The Vision Foundation